आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-295 ● कटनी ● गुरुवार, 2 दिसम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कृष्ण पक्ष-13 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



हिमाचल में भारी बर्फबारी से गिरा तापमान

# ओमिक्रॉन से युवाओं को ज्यादा खतरा!



**नई दिल्ली।** कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन ने एक बार फिर दुनिया में सनसनी फैला दी है। 20 से अधिक देशों में इसके मामले पाए जाने की पुष्टि हुई है। इस नए वेरिएंट के मामले में दक्षिण अफ्रीका के वैज्ञानिकों का कहना है कि ओमिक्रॉन कितना घातक है और इसका लोगों पर क्या प्रभाव पड़ेगा फिलहाल यह कहना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि कोरोना के नए वैरिएंट ने अब तक ज्यादातर युवा लोगों को प्रभावित किया है। वैज्ञानिकों ने यह भी चेतावनी दी है कि अभी यह निर्धारित करना जल्दबाजी होगी कि ओमिक्रॉन केवल हल्की बीमारी का कारण बनेगा। उन्होंने आगे कहा कि हम इसके बारे में और अधिक जानकारी जुटा रहे हैं। दो से तीन हफ्तों के बाद ही हम इसके बारे में अधिक जान पाएंगे। उन्होंने कहा कि कुछ मरीज भर्ती हुए हैं और ये सभी युवा हैं, जिनकी आयु 40 या इससे कम है। उधर, एनआईसीडी में सार्वजनिक स्वास्थ्य निगरानी और प्रतिक्रिया के प्रमुख मिशेल ग्रोम का कहना है कि कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन का शिकार ज्यादातर कम उम्र के लोग हुए हैं। मगर हम वृद्धावस्था समूहों में भी इसकी पड़ताल करना शुरू कर चुके हैं। इससे पहले नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर कम्युनिकेबल डिजीज ने कहा था कि पिछले 24 घंटों में दक्षिण अफ्रीका में नए मामलों की दैनिक संख्या लगभग दोगुनी होकर 8,561 हो गई है। ओमिक्रॉन अब तक देश में प्रमुख स्ट्रेन है। दक्षिण अफ्रीकी सरकार और वैज्ञानिकों ने 25 नवंबर को कोरोना के नए वैरिएंट की घोषणा की थी। इसके बाद डब्ल्यूएचओ ने इसे ओमिक्रॉन का नाम दिया था। नए वेरिएंट का पता लगने के बाद अमेरिका, यूरोपीय संघ, कनाडा, इस्राइल, ऑस्ट्रेलिया और अन्य देशों ने कई दक्षिण अफ्रीकी देशों से यात्रा पर रोक लगा दी थी। वहीं, कुछ देशों ने दक्षिण अफ्रीका से आने वाली उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

## अमेरिका में वैक्सीन ले चुके शख्स में मिला ओमिक्रोन, दुनिया के 25 देशों में पहुंचा वायरस

कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रोन का खौफ बढ़ता जा रहा है। ताजा खबर यह है कि यह वायरस अब 25 देशों में फैल गया है। नए मामले अमेरिका और यूएई में पाए गए हैं। अमेरिका में जिस शख्स में पाया गया है, उसे वैक्सीन के दोनों डोज लग चुके हैं। दक्षिणी अफ्रीकी देशों से भारत लौटे 6 यात्रियों में कोरोना संक्रमण पाया गया है। जांच की जा रही है कि कहीं इनमें ओमिक्रोम तो नहीं है।

### भारत ने कर रखे हैं उपाय

कोरोना महामारी और इसके नए वैरिएंट ओमिक्रोन के खतरों के बीच लोकसभा में स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया भी जवाब देंगे। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संसद में बताया कि कोरोना महामारी के नए वैरिएंट ओमिक्रोन की रोकथाम को लेकर सरकार ने क्या उपाय किए हैं।

## फटाफट खबरें



### सेंधवा में गोली मारकर कपास व्यापारी की हत्या

**सेंधवा।** सेंधवा शहर निवासी युवा कपास व्यापारी और कालोनाइजर की सिर में गोली लगने से मौत मामले में पुलिस ने हत्या सहित साक्ष्य छुपाने के मामले में 9 आरोपितों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस ने गोपाल जाधव, तनिष्क यादव, बबलू प्रजापति, आदित्य शर्मा, राज पाटिल, करण चौहान, अभिषेक यादव, गोकुल सोनोने, और भय्या उर्फ गोली के विरुद्ध बुधवार देर रात मामला दर्ज किया है। सभी आरोपितों की तलाश की जा रही है। फिलहाल व्यापारी को गोली कैसे और कहां लगी इसकी पड़ताल की जा रही है।

### एमपी पीएससी ने जारी किया कैलेंडर, अटके रिजल्ट दिसंबर में आएंगे

**इंदौर।** महीनों से अटके मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (पीएससी) के रिजल्ट दिसंबर में जारी होंगे। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने नया कैलेंडर जारी करते हुए यह घोषणा की है। पीएससी के पूर्व घोषित कैलेंडर कागजी साबित हुए थे क्योंकि ओबीसी आरक्षण पर विवाद न्यायालय में लंबित है। साल 2019 की राज्य सेवा और वन सेवा की मुख्य परीक्षा के साथ वर्ष 2020 की राज्य सेवा और राज्य वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा के रिजल्ट अब तक घोषित नहीं हो सके हैं। मुख्य परीक्षाएं मार्च में हुई थीं। प्रारंभिक परीक्षा जुलाई में हुई थी। दरअसल इन परीक्षाओं में राज्य सरकार ने आरक्षण को 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत कर दिया है।

### ग्वालियर में तड़के जिम संचालक की गोली मारकर हत्या

**ग्वालियर।** गुरुवार सुबह बहोड़ापुर क्षेत्र के आनंद नगर में तड़के ही जिम संचालक की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपितों ने जिम संचालक को 5 गोलियां मारी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद से लेकर अभी तक पुलिस चुप्पी साधे हुए है। शव को पीएम हाउस ले जाया गया है।

### पति से अवैध संबंध के चलते बहन की कर दी हत्या

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए मृतक लड़की की बड़ी बहन समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले का खुलासा किया है। 29 सितंबर को राजधानी की खम्हारडीह पुलिस के पास सूचना मिली थी कि जब्बार नाले के नीचे एक महिला का शव पड़ा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की। पहले तो पुलिस को भी यह मामला समझ से अलग लग रहा था, लेकिन जैसे-जैसे पुलिस मामले के तह में गई उस पर से धीरे-धीरे पर्दा उठने लगा।

### कांग्रेस नेता के खिलाफ भाजपा विधायक की हत्या की साजिश रचने के आरोप

**बेंगलूरू।** कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी के नेता गोपालकृष्ण द्वारा कथित तौर पर भाजपा नेता विश्वनाथ की हत्या की साजिश रचने के आरोप सामने आने के बाद स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। अब कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। पुलिस आयुक्त पहले ही कह चुके हैं कि प्राथमिक जांच की जाएगी।

## जहरीली हवा में स्कूल क्यों खोले



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है। सर्वोच्च अदालत ने सख्त लहजे में पूछा कि आखिर प्रदूषण रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए? कोर्ट की नजर में प्रदूषण रोकने के लिए कुछ भी नहीं किया गया है। वहीं केजरीवाल सरकार को भी फटकार लगाते हुए पूछा कि जब दिल्ली की हवा जहरीली है तो स्कूल क्यों खोल दिए गए? दिल्ली में प्रदूषण का स्तर तक्ष 500 से ऊपर चले गए। केजरीवाल सरकार के उपायों पर कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की। जो लोग प्रदूषण रोकने के अभियान के तहत सिग्नल पर बैनर पोस्टर लेकर खड़े हैं, उन पर भी जजों ने टिप्पणी की। पूछा कि उनकी सेहत को लेकर सरकार चिंतित क्यों नहीं है। इस पर केजरीवाल सरकार की ओर से हास्यास्पद दलील दी गई है कि वो तो सिविल डिफेंस के लोग हैं। इस पर तीन जजों की बैंच ने कहा कि वो भी आखिर हैं तो इन्सान। स्कूल खोले जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि जब कर्मचारियों के लिए वर्क फ्राम होम किया जा सकता है तो ऐसे में बच्चों के स्कूल कैसे खोले जा सकते हैं।

## राज्यसभा में सांसदों ने की जोरदार नारेबाजी

# किसानों की मौत और बढ़ती महंगाई पर हंगामा




**नई दिल्ली।** विपक्ष के 12 सांसदों के निलंबन के मुद्दे को लेकर शीतकालीन सत्र के चौथे दिन भी राज्यसभा में हंगामे के आसार हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष अपने-अपने रुख पर कायम हैं। निलंबित सांसद जहां संसद परिसर के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं वहीं सत्ता पक्ष इनके अशोभनीय आचरण के लिए माफी की मांग कर रहा है। उधर संसद में गतिरोध को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन संसद में शीर्ष मंत्रियों के साथ बैठक भी की थी।

किसानों की मौत और बढ़ती महंगाई पर सांसदों की नारेबाजी राज्यसभा में किसानों की मौत और बढ़ती महंगाई के मुद्दे पर विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की। विपक्ष के हंगामे के चलते राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। विपक्ष द्वारा संसद में प्रदर्शन पर केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि गांधी की प्रतिमा के नीचे अगर वे धरना दे रहे हैं तो कुछ सद्बुद्धि आ सकती है। आपको संसद की चर्चा, बहस और फैसलों में भागेदारी करनी चाहिए। यही लोकतांत्रिक मर्यादा है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी दिल्ली में राज्यसभा के 12 विपक्षी सदस्यों के निलंबन के विरोध में विपक्षी नेताओं के विरोध में शामिल हुए। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि अमित शाह कहते हैं कि हर चीज को क्रोनोलॉजी में देखना चाहिए। क्या क्रोनोलॉजी है, किसान बिल आया तो चर्चा क्यों नहीं कराई गई। हंगामा क्यों हुआ, हंगामा इसलिए हुआ क्योंकि भाजपा चर्चा नहीं कराना चाहती थी। क्या ये हमारा अधिकार नहीं था। मौजूदा सत्र की रणनीति पर चर्चा करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी शीर्ष मंत्रियों के साथ बैठक कर रहे हैं।

# मथुरा की तैयारी है...

## डिप्टी सीएम के ट्विट पर



**लखनऊ।** बुधवार को एक ट्वीट कर यूपी की राजनीति में हलचल बढ़ाने के बाद प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को कहा कि हम मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि पर मंदिर के निर्माण का इंतजार कर रहे हैं। ये भाजपा के लिए चुनावी मुद्दा नहीं है। बुधवार के ट्वीट पर उनसे सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, अयोध्या में श्रीराम के भव्य राम मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर पर कार्य प्रगति पर है और अब हम मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि पर मंदिर के निर्माण का इंतजार कर रहे हैं। भाजपा के लिए ये चुनावी मुद्दे नहीं हैं। डिप्टी सीएम ने बुधवार को ट्वीट किया था कि अयोध्या, काशी में भव्य मंदिर का निर्माण जारी है और मथुरा की तैयारी है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण शुरू होने के बाद से मथुरा जन्मभूमि प्रकरण जोर पकड़ रहा है। यूपी में विधानसभा चुनाव को कुछ ही समय शेष है ऐसे में हिंदुत्व के एजेंडे को और मजबूत करने के लिए अब भाजपा ने नेता कार्य कर रहे हैं। बसपाा प्रमुख ने कहा कि केशव प्रसाद मौर्य द्वारा विधानसभा चुनाव से पहले दिया गया बयान कि अयोध्या व काशी में मन्दिर निर्माण जारी है अब मथुरा की तैयारी है, यह भाजपा के हार की आम धारणा को पुख्ता करता है। इनके इस आखिरी हथकंडे से अर्थात् हिन्दू-मुस्लिम राजनीति से भी जनता सावधान रहे।

## शिवराज पहुंचे हरिद्वार, पतंजलि योग पीठ में व्याख्यान में भाग लेंगे



**हरिद्वार, भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हरिद्वार पहुंचे। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ चिन्मय पंड्या ने उनका स?वागत किया। दोपहर वे गायत्री तीर्थ शांतिकुंज के स?वर्ण जयंती वर्ष के तहत देव संस्कृति विश्वविद्यालय में आयोजित पौधारोपण व अन्य कार्यक्रमों में भाग लेंगे। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज के प्रमुख डा. प्रणव पंड्या से भी शिष्टाचार भेंट करेंगे। इसके बाद वह पतंजलि योग पीठ में व्याख्यान में भाग लेंगे। सीएम शिवराज शुक्रवार को कनखल स्थित हरिहर आश्रम में श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि के आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। सीएम शिवराज ने ट्वीट कर लिखा पावन मां गंगा के तट पर स्थित हरिद्वार में श्री प्रज्ञेश्वर महादेव जी महाकाल मंदिर में दर्शन-पूजन कर देशवासियों के कल्याण, सुख-समृद्धि की कामना की।

## और कितने अच्छे दिन चाहिए



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के शिवराज सिंह चौहान सरकार के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि देश में कितना परिवर्तन आ गया है और सवाल किया कि देश को और कितने अच्छे दिन चाहिए। डॉ नरोत्तम मिश्रा ने आज चुनिंदा पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि ममता बनर्जी सिद्धिविनायक के दर्शन करने जा रही हैं। कमलनाथ हनुमान चालीसा का पाठ पढ़ रहे हैं। केजरीवाल जी तीर्थ यात्रा करवा रहे हैं, राहुल जी कश्मीरी पंडित बन रहे हैं। देश को और कितने अच्छे दिन चाहिए? ममता दीदी सिद्धि विनायक जा रही हैं, कमलनाथ जी हनुमान चालीसा पढ़ रहे हैं, केजरीवाल जी तीर्थ यात्रा करवा रहे हैं, राहुल जी कश्मीरी पंडित बन रहे हैं। किसानों की कर्जमाफी और बेरोजगारों को रोजगार देने के नाम पर धोखा देने वाली कांग्रेस ने सत्ता के लिए जनता को बेवकूफ बनाया है हमेशा।

## चक्रवाती तूफान जवाद का खतरा बरकरार, ओडिशा के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी



**भुवनेश्वर।** आंध्र प्रदेश और ओडिशा में चक्रवाती तूफान जवाद का खतरा मंडराने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार सुबह तक आंध्र प्रदेश और ओडिशा के तटवर्ती इलाकों में चक्रवाती तूफान जवाद दस्तक दे सकता है। इस बीच मौसम विभाग ने तीन दिसंबर से ओडिशा के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी देते हुए रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण ओडिशा के जिलों में भी तीन दिसंबर को भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने कहा है कि इस तूफान की वजह से सड़कों पर जलजमाव की स्थिति पैदा हो सकती है, सड़कों पर दृश्यता कम हो सकती है और कच्ची सड़कों को नुकसान भी पहुंच सकता है। लोगों को बेवजह घर से निकलने से परहेज करने के लिए कहा गया है। मौसम विभाग के अधिकारी ने कहा कि अवसाद बनने के बाद ही हम तट को पार करने वाले चक्रवात के स्थान और उसकी तीव्रता का अनुमान लगाने की स्थिति में होंगे। मौसम विभाग ने कहा है कि ओडिशा में बारिश की तीव्रता शनिवार से बढ़ेगी क्योंकि तटीय जिलों और आंतरिक जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

## वरूण गांधी ने फिर दिखाए बागी तेवर



**लखनऊ।** भाजपा सांसद वरुण गांधी ने बेरोजगार युवाओं की परेशानी को देखते हुए देश की परीक्षा प्रणाली पर कड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा किया है। उन्होंने कहा है कि एक तरफ तो देश में सरकारी नौकरियां नहीं हैं, वहीं दूसरी तरफ यदि कुछ नौकरियों के लिए परीक्षाएं आयोजित भी की जाती हैं तो उनमें इतना भ्रष्टाचार हो जाता है कि युवाओं को लंबे समय तक नौकरी नहीं मिलती और उन्हें परेशान होना पड़ता है। उन्होंने सवाल किया है कि आखिर देश का युवा इन परिस्थितियों को कब तक बर्दाश्त करे। वरुण गांधी की इस टिप्पणी को उत्तर प्रदेश में यूपी टीईटी परीक्षा में हुए भ्रष्टाचार से जोड़कर देखा जा रहा है। गुरुवार को को एक ट्वीट करते हुए पीलीभीत सांसद वरुण गांधी ने कहा कि सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि अब देश में सरकारी नौकरियां नहीं निकल रही हैं। बेहद कम नौकरियों के लिए युवाओं से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं और परीक्षाएं कराई जाती हैं। लेकिन इन परीक्षाओं में भी बहुत अव्यवस्था होती है। कभी प्रश्नपत्र लीक हो जाता है, तो कभी परीक्षाओं का परिणाम घोषित नहीं किया जाता है।



### शादी के बाद फिल्में करना छोड़ देंगी कटरीना?

मुंबई। कटरीना कैफ 9 दिसंबर को विक्की और कटरीना सात फेरे लेने वाले हैं। अब खबर है कि शादी के बाद कटरीना फिल्मों में काम नहीं करेंगी। अभी तक इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं की है। यहां तक कि दोनों ने अपनी अफेयर की खबरों पर भी अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी

## टंट्या मामा के ताबीज से कोरोना रहेगा बेअसर : उषा

मंत्री के विवादित बोल



**भोपाल।** मध्य प्रदेश की संस्कृति और पर्यटन मंत्री उषा ठाकुर ने अजीब बयान दिया है। जब कोरोना के बढ़ते खतरे के बीच टंट्या मामा के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम पर सवाल उठे तो उन्होंने दो-टूक कह दिया- कि कहीं कुछ नहीं होगा। घबराने की जरूरत ही नहीं है। टंट्या मामा के ताबीज से तो स्वास्थ्य लाभ मिलता है। उन पर अटूट आस्था है लोगों की। दरअसल, मध्य प्रदेश सरकार ने 4 दिसंबर को इंदौर के पातालपानी में क्रांतिकारी टंट्या भील के बलिदान दिवस पर विशेष आयोजन किया है। टंट्या मामा की प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान करने वाले हैं। गौरव कलश यात्रा आदिवासीबहुल जिलों से होकर इंदौर पहुंचने वाली हैं। इन यात्राओं के स्वागत के इंतजाम भी किए गए हैं। वैसे, उषा ठाकुर कोरोना को लेकर पहले भी विवादों में रही हैं। पिछले विधानसभा सत्र में उन्होंने एक बार भी मास्क नहीं पहना था। कोरोना की पहली ही नहीं, दूसरी लहर में भी उन्होंने कभी मास्क नहीं लगाया। बुधवार को भी जब मीडिया से मुखातिब हुई तो उनके चेहरे पर मास्क नहीं था। वहीं, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लगातार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि मास्क लगाएं। वैक्सीन के दोनों डोज अवश्य लगवाएं।

## खोज एक रोबोट जो बच्चे पैदा कर सकता है, इलाज भी



**नई दिल्ली।** आज अब तक आपने साइंस फिक्शन फिल्मों में देखा होगा कि रोबोट अपने जैसे रोबोट पैदा कर सकते हैं परंतु अब अमेरिकी वैज्ञानिकों ने इसे हकीकत में बदल दिया है। दुनिया के पहले जीवित रोबोट जेनोबोट्स बनाने वाले वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि यह जेनोबोट्स अब अपने जैसी संतान भी पैदा कर सकते हैं। इन्हें बनाने का श्रेय वर्मोंट, टफ्ट्स और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के वॉइस इंस्टिट्यूट को है।

### ज़ेनोबोट्स पैक से कैंसर का इलाज किया जाएगा

यह जेनोबोट्स पैक- मैन जैसे अपने मुंह के अंदर एकल कोशिकाओं को जमा करते हैं और बच्चों को बाहर निकालते हैं। जो बिल्कुल माता-पिता की तरह दिखते व गति करते हैं। शोधकर्ताओं का दावा है कि यह जेनोबोट्स कैंसर के साथ कई गंभीर बीमारियों के इलाज में भी क्रांति ला सकते हैं। इनमें गहरे घाव, बर्थ डिफेक्टस् और उम्र बढ़ने से जुड़ी बीमारियां भी शामिल है। भविष्य में यह जेनोबोट्स अपने आप मल्टीप्लाई होकर बीमारियों को जड़ से खत्म करने में मददगार साबित होंगे। एक रोबोट जो समुद्र और नदी, तालाबों से माइक्रो प्लास्टिक कचरा निकाल लाएगा शोधकर्ताओं का मानना है कि यह जेनोबोट्स ना सिर्फ बीमारियों से लड़ सकते हैं बल्कि प्रकृति को साफ-सुथरा रखने में भी मदद करेंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के संयोजन से इनकी उपयोगिता बढ़ाई जा सकेगी। इस स्टडी से जुड़े टफ्ट्स यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर माइकल लेविन बताते हैं कि जेनोबोट्स की उपयोगिता बढ़ाने पर शोध जारी है। हालांकि ताजा प्रयोग के तौर पर पता चला है कि यह रोबोट महासागरों, नदी और तालाब की गहराई से माइक्रोप्लास्टिक कचरा खींच लेने में भी सक्षम है। ऐसे में इनके जरिए साफ सफाई भी की जा सकेगी और पर्यावरण की सुरक्षा भी होगी। ये जेनोबोट्स जीते जागते रोबोट्स हैं। जिन्हें मेंढक के एंब्रियो से बनाया गया है। साथ ही इनके दिल को मोटर की तरह यूज किया जा सकता है। इन जोनोबोट्स को बनाने के लिए मेंढक के भ्रूण से जीवित स्टेम कोशिकाओं को स्क्रैप किया गया और इन्हें इनक्यूबेट करने के लिए छोड़ दिया गया। इसलिए यह रोबोट होने के साथ-साथ जीव भी है। इन रोबोट्स में जानवर या पौधों से अलग जैविक प्रजनन का बिल्कुल नया रूप खोजा गया है। वैज्ञानिकों ने इनके जीन में किसी भी तरह का बदलाव नहीं किया है। यह जोनोबोट्स चल सकते हैं, तैर सकते हैं, बिना खाए हफ्तों तक जिंदा रह सकते हैं और इसके अलावा खुद को ठीक भी कर सकते हैं।



# करोड़ों की सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया प्रशासन ने

दुगाड़ी नाला के पास एक हेक्टेयर भूमि पर पैसे लेकर युवक करा रहा था कब्जा, लोगों ने कर रखे थे निर्माण





**कटनी। प्रदेश सरकार द्वारा भू-माफिया के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। जिसमें सरकारी भूमि पर किए गए कब्जों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। जिले में भी कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर भू-माफियाओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है और शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। बुधवार को दुगाड़ी नाला के पास एमएसडब्ल्यू प्लांट से लगी करोड़ों की एक हेक्टेयर भूमि को जिला प्रशासन ने कब्जे से मुक्त कराया। एसडीएम की मौजूदगी में राजस्व, नजूल, नगर निगम व पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की।**

एसडीएम नदीमा शीरी ने बताया कि ग्राम टिकुरी में खसरा क्रमांक 1/1 वगैरह रकबा 18.192 के अंश भाग की लगभग 1 हेक्टेयर भूमि में अतिक्रमणकारियों द्वारा कच्चे-पक्के निर्माण किए जा रहे थे। जिसकी सूचना मिलने पर कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देश पर बुधवार को एसडीएम की मौजूदगी में एक हेक्टेयर भूमि से कब्जा हटाने की कार्रवाई प्रारंभ की गई। राजस्व अमले के साथ नजूल, नगर निगम और पुलिस की उपस्थिति में चार जेसीबी की मदद से कब्जे हटाने का किया गया। जिसमें लगभग 25 अर्ध निर्मित मकानों को तोड़कर जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया। अतिक्रमण करने वालों को अमले चेतावनी भी दी है कि दोबारा कब्जा पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



### पैसे लेकर करा रहा था कब्जा, दर्ज होगी एफआईआर

एसडीएम शीरी ने बताया कि मौके पर निर्माण करने वालों ने बताया कि रामदास यादव नामक युवक द्वारा उनसे पैसे लेकर कब्जा कराया जा रहा था। जिसके चलते रामदास यादव को पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। साथ ही उसके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जा रही है। इस दौरान एसडीएम सहित तहसीलदार तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, तहसीलदार मुन्नवर खान सहित नगर निगम के अधिकारी व अतिक्रमण दस्ता, नजूल विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, माधवनगर थाना सहित जिला पुलिस के अधिकारी व बल मौजूद था।



# गणवेश पाकर फूले नहीं समाए मिडिल स्कूल एनकेजे के छात्र

**कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र न्यू कटनी जंक्शन स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में गतदिवस शालेय प्रबन्धन कार्यकारणी के सदस्यों ने प्रभारी प्रधानपाठक के साथ मिलकर अधययनरत कक्षा 6वीं से लेकर 8वीं तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश का वितरण कर शासन की लाभकारी योजना से विद्यार्थियों को लाभ पहुँचाए। नगरनिगम द्वारा उपलब्ध करायी गयी। सिलाई गणवेश को विद्यार्थियों के उम्र और उनकी लंबाई और मोटाई के आधार पर वर्गीकरण करके सभी छात्रों को दो-दो जोड़ी ड्रेस संस्था द्वारा प्रत्येक विद्यार्थी को समिति के माध्यम से प्रदान की गयी। शाला प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष रोहित विश्वकर्मा, प्रभारी प्रधानअध्यापक मार्तण्ड सिंह राजपूत के द्वारा वितरित की गयी गणवेश को पाकर छात्र-छात्राओं में प्रसन्नता की लहर साफ देखी गयी, ड्रेस पाकर इस विद्यालय के सभी बच्चे-बच्चियों का उत्साह देखते बनता था। इस अवसर पर शाला के वरिष्ठ शिक्षक ज्ञानचंद कोष्टी, श्रीमति निधि पटेरिया, जितेन्द्र दुबे, श्रीमती नीलम श्रीवास, मोहना जरगर सोनी, व दुर्गा प्रसाद बर्मन की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेने 8 दिसम्बर तक आवेदन

**कटनी।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वर्ष जनवरी 2022 नई दिल्ली में 25वाँ राष्ट्रीय युवा महोत्सव कार्यक्रम 12 जनवरी से 16 जनवरी तक आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए नेहरु युवा केंद्र कटनी से 3 युवाओ का चयन किया जाना है। इसमें ऐसे युवाओ का चयन किया जाना है, जिनकी आयु 15 से 29 वर्ष की हो, नेहरु युवा केंद्र की गतिविधि में भाग लिया हो, आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम में सहभागिता की हो, स्वच्छ भारत कार्यक्रम में सहभागिता की हो, देश भक्ति, राष्ट्र निर्माण जिला स्तरीय जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगता में सहभगिता की हो, आस-पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम में सहभागिता की हो, कटनी जिले का निवासी हो। चयन के लिए जिला युवा अधिकारी नेहरु युवा केंद्र कटनी की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है। इच्छुक युवा निर्धारित प्रपत्र में आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र के साथ आवेदन पत्र 8 दिसम्बर 2021 तक कार्यालय नेहरु युवा केंद्र कटनी, राय कॉलोनी गली नंबर 2 पर शाम 5 बजे तक जमा कर सकते है।



## आरसेटी में 30 दिवसीय मोबाइल रिपेयरिंग एवं अकाउंटिंग का दिया प्रशिक्षण



**कटनी।** गतदिवस मंगलवार को आरसेटी कटनी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा वित्त पोषित 30 दिवसीय मोबाईल रिपेयरिंग एवं कम्प्यूटर अकाउंटिंग का प्रशिक्षण सम्मपन हुआ। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी कटनी डी.के. पासी एवं जिला खेल अधिकारी विजय भार, लीड बैंक प्रबंधक उद्यम बानरा और आरसेटी के डायरेक्टर मनोहर लाल अहिरवाल उपस्थित रहे। डायरेक्टर आरसेटी श्री अहिरवाल ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं नेशनल ऐकेडमी ऑफ रुडसेटी बैंगलुरु के तत्वाधान में 29 नवम्बर को मोबाईल रिपेयरिंग एवं कम्प्यूटर एकाउंटिंग का मूल्यांकन ईडीपी एसेसर ओ.पी. चतुर्वेदी द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण में सभी उत्तीण प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्रों का वितरण उपस्थित अधिकारियों द्वारा वितरित किये गये।

## जिले में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर्स के मध्य कार्य विभाजन

**कटनी।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने प्रशासकीय एवं कार्यालयीन कार्य सुविधा एवं कार्य व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुये जिले में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर्स के मध्य कार्य विभाजन कर आदेश जारी किया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। जारी आदेश के डिप्टी कलेक्टर नदीमा शीरी को अनुविभागीय अधिकारी एवं दण्डाधिकारी ढीमरखेड़ा पदस्थ कर समस्त कार्यो का दायित्व सौंपा गया है। वहीं अनुविभागीय अधिकारी एवं दण्डाधिकारी विजयराघवगढ़, बरही प्रिया चन्द्रावत को अनुविभागीय अधिकारी एवं दण्डाधिकारी कटनी, रीठी, बड़वारा नियुक्त कर दण्डाधिकारी के समस्त कार्य सौंपे गये हैं। इसी प्रकार जिले में नवीन पदस्थ डिप्टी कलेक्टर महेश मण्डलोई को अनुविभागीय अधिकारी दण्डाधिकारी विजयराघवगढ़ एवं बरही तथा दण्डाधिकारी के समस्त कार्य सौंपते हुये पदस्थ किया गया है।

## कटनी प्रदेश में अव्वल, पीएम केयर्स चिल्ड्रन स्कीम के सभी हितग्राहियों के खोले खाते

***प्रदेश में योजना के सभी हितग्राहियों के खाता खोलने वाला पहला डाकघर बना कटनी प्रधान डाकघर***

**कटनी।** कोरोना संक्रमण काल में असहाय हुए बच्चों की देखरेख करने केन्द्र व राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा असहाय बच्चों के लिए पीएम केयर्स चिल्ड्रन स्कीम 2021 का विमोचन किया गया। जिसमें ऐसे अव्यस्क बच्चों को शामिल किया है, जिनके माता-पिता की कोरोना संक्रमण के कारण मृत्यु हो गई थी। ऐसे बच्चों के लिए कलेक्टर को उनके संरक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। नियम के तहत ऐसे अव्यस्क बच्चों के खाते डाकघर के माध्यम से खोले जाने थे। साथ ही खातों में योजना के अंतर्गत 10 लाख रूपये की राशि जमा कराई जानी थी। योजना अंतर्गत प्रधान डाकघर कटनी हितग्राहियों के खाता खोलने के मामले मध्यप्रदेश में अव्वल रहा है। बच्चों की देखभाल स्कीम 2021 योजना में राजपत्र जारी होने के साथ ही कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने तत्परता से काम किया और एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई पूरी कराई गई। कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग ने प्रधान डाकघर डाकपाल नारायण सिंह ठाकुर से संपर्क किया और खाते खोलने की प्रक्रिया समझी। प्रधान डाकपाल ने योजना के नियमों का अवलोकन करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग को खातों के संबंध में जानकारी प्रदान की। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सभी हितग्राहियों के खाते खोलने के आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर प्रधान डाकघर कटनी को प्रदान की गई। जिसमें प्रधान डाकघर द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए सभी हितग्राहियों के खाते समय पर खोलकर उन्हें पासबुक प्रदान की। कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा कार्य को गंभीरता से लेते हुए प्रक्रिया पूर्ण कराई गई, जिसके चलते कटनी को महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है और प्रधान डाकघर कटनी योजना में सभी हितग्राहियों के खाते खोलने वाला पहला डाकघर बना है।

# एड्स की बात सबके साथ विषय पर आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम






**कटनी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष श्यामाचरण उपाध्याय के मार्गदर्शन में, जिला न्यायाधीश व सचिव दिनेश कुमार नोटिया के दिशा-निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, स्वास्थ्य विभाग एवं सामाजिक सेवा संस्थाओं के सहयोग से 1 दिसम्बर को एड्स दिवस के अवसर पर जला चिकित्सालय कटनी से मिशन चौक तक जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर किया। इस रैली के माध्यम से लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता रैली के साथ ही जिला चिकित्सालय कटनी में एड्स विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सचिव श्री नोटिया ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अन्य व्यक्तियों को एड्स के प्रति जागरूक करते हुये जानकारी दी गई कि एच.आई.व्ही एड्स से बचाव को कोई भी टीका नहीं है, फिर भी जिम्मेदारी और समझ से काम लेकर और थोड़ी सावधानी बरतकर हम अपने को इससे बचाये रख सकते है। उक्त आयोजन के साथ ही शहर के एम.जी.एम कॉलेज, सायना बीएड कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा एड्स विषय से संबंधित विभिन्न प्रकार के चित्र तैयार कर लोगों को एड्स से बचाव एवं सुरक्षा का संदेश प्रदान किया गया।


# समय सीमा में सेवाओं का लाभ नहीं देने पर तीन सचिवों पर जुर्माना

संबंधितों के वेतन से राशि वसूल कर आवेदक को भुगतान करने के दिए आदेश




**कटनी।** लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नागरिकों को समय सीमा में सेवायें उपलब्ध नहीं कराने पर ढीमरखेड़ा विकासखण्ड अंतर्गत तीन ग्राम पंचायतों के सचिवों पर शास्ति अधिरोपित की गई है। संबंधित सचिवों पर उप रजिस्ट्रार जन्म मृत्यु ग्रामीण क्षेत्र ने शास्ति अधिरोपित करते हुये उनके वेतन से अधिरोपित शास्ति की राशि वसूल कर आवेदकों को प्रदान करने के आदेश जारी किये हैं। लोक सेवा केन्द्र ढीमरखेड़ा में आवेदक काशीराम निवासी ग्राम पंचायत पिंडरई द्वारा जन्म प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए 27 अक्टूबर को आवेदन दिया था। जिसमें 9 नवंबर तक की तिथि निर्धारित थी लेकिन आवेदन 11 नवंबर तक लंबित था। आवेदन का समय पर निराकरण न करने पर उप रजिस्ट्रार ने पदाभिहीत अधिकारी सचिव ग्राम पंचायत पिंडरई ब्रजमोहन गिरी पर तीन दिन का विलंब होने पर 750 रूपये की शास्ति अधिरोपित की है और राशि सचिव के वेतन से वसूल कर आवेदक को प्रदान करने के निर्देश प्रदान किए हैं। जन्म प्रमाण पत्र प्रदान करने को लेकर लोक सेवा केन्द्र ढीमरखेड़ा में ही आवेदक अमित कुमार निवासी तिलमन ग्राम पंचायत बांध ने 25 अक्टूबर को आवेदन दिया था और निर्धारित तिथि 3 नवंबर थी। जिसमें 11 नवंबर को आवेदक को सेवा प्रदान की गई। सेवा प्रदाय में 8 दिन का विलंब होने पर उप रजिस्ट्रार ने पदाभिहीत अधिकारी सचिव ग्राम पंचायत बांध गुलजार सिंह पर 2000 रूपये की शास्ति अधिरोपित कर राशि को उनके आगामी वेतन से वसूलने व आवेदक को प्रदान करने के आदेश दिए हैं। लोक सेवा केन्द्र ढीमरखेड़ा में आवेदक मूरत लाल ग्राम पंचायत इमलिया ने मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए 22 अक्टूबर को आवेदन दिया था और आवेदक को 2 नवंबर तक सेवा प्रदाय की जानी थी लेकिन पदाभिहीत अधिकारी सचित ग्राम पंचायत इमलिया ओंकार यादव ने निर्धारित तिथि से 13 दिन विलंब से आवेदन का निराकरण किया। 13 दिन के विलंब के चलते उप रजिस्ट्रार ने सचिव पर 3250 रूपये की शास्ति आरोपित की है और राशि को सचिव वेतन से वसूल करते हुए आवेदक को प्रदान करने के आदेश दिए हैं।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज




रोजाना 4 शो ता. 03 से दोपहर 1, 3.30, 6 एवं रात्रि 8.30 बजे से
तड़प
कलाकार- अहान शेट्टी, तारा सुतारिया, सौरभ शुक्ला, कुमुद मिश्रा, सुमित गुलाटी आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह




रोजाना 3 शो ता. 03 से दोपहर 4.30, 7.30, एवं रात्रि 10 बजे से
अंतिम
(The Final Truth)
कलाकार- सलमान खान, आयुष शर्मा, महिमा मकवाना, महेश मांजरेकर, निकितिन धीर आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है


नीरज सिनेप्लेक्स में




शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 2 शो ता. 03 से दोपहर 12 एवं 3 बजे से
सत्यमेव जयते – 2
कलाकार- जॉन अब्राहम, दिव्या खोसला कुमार, हर्ष छाया, अनूप सोनी आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

सिटी मॉल बरही रोड में
हिंदी में




रोजाना 2 शो ता. 03 से दोपहर 12.30 एवं 2.30 बजे से
Resident Evil
(Welcome to Raccoon City)
कलाकार- टॉम हापर, अवन जोगिया, अवा ब्लेकवेल, लिली गाओ, डोनल लॉग आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, गुरुवार, 02 दिसम्बर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# 35 टीकाकरण केन्द्रों में नागरिकों ने पाया महामारी का सुरक्षा चक्र

**कटनी। कोरोना महामारी के संक्रमण से बचाव हेतु प्रशासन द्वारा नगर के विभिन्न आंगनबाडी केन्द्रों, अस्पतालों, सार्वजनकि स्थलों, रेल्वे स्टेशन परिसर, फैक्ट्री परिसर आदि को चिन्हित किया जाकर वैक्सीनेशन महाअभियान के माध्यम से शत प्रतिशत नागरिकों को टीकाकरण के दौनों डोज लगानें की सुविधा मुहैया करानें के प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में जिला कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगरीय सीमान्तर्गत 35 टीकाकरण केन्द्रों मे निगम की साफ-सफाई एवं बैठक विद्युत व्यवस्था आदि आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण कराया जाकर प्रातः 10:00 बजे से महाअभियान आयोजित किया गया। महाअभियान में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर के सार्वजनिक स्थलों एवं अन्य मार्गो में मुनादी के साथ ही केन्द्रों में नियुक्त गठित दल के द्वारा बस्तियों में भ्रमण कर वैक्सीनेंशन से वंचित नागरिकों से संपर्क किया जाकर टीकाकरण हेतु प्रेरित किया गया तथा नजदीकी टीकाकरण केन्द्रों में भेजकर टीकाकरण की सुविधा प्रदान कराई गई।**



### टीकाकरण केन्द्र पहुंचकर नागरिकों नें उत्साह के साथ पाया महामारी का सुरक्षा चक्र

आयोजित टीकाकरण महाअभियान के दौरान नागरिकगण उत्साह के साथ टीकाकरण केन्द्र पहुंचकर महामारी की प्रथम एवं द्धितीय डोज लगवाकर महामारी का सुरक्षा चक्र प्राप्त करते हुए दिखें। मनोज कुमार निवासी माधवनगर अपनी पत्नी शहरो भारती के साथ सुभाष चौक टीकाकरण केन्द्र में पहुंचकर वैक्सीन की दूसरी डोज लगवाकर महामारी का सुरक्षा चक्र प्राप्त किया। वहीं अंकित जैन अपने परिवार के सदस्यों श्रीमती शालिनी जैन एवं मयूरी जैन को साथ ले जाकर सभी का टीकाकरण कराकर अपना परिवारिक कर्तव्य निभाते दिखें, दुबे कॉलानी निवसी अभय कोष्ठा नें भी अपनी बुजुर्ग आंटी श्रीमती रेखा शर्मा के साथ टीकाकरण कराकर सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया। अभियान के दौरान मित्रता की मिशाल कायम करते हुए राजेश पटैल, मनीष नामदेव एवं रविकांत नामदेव नें एक साथ वैक्सीन की दूसरी डोज की खुराक प्राप्त कर महामारी का सुरक्षा चक्र पूर्ण किया। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें जानकारी देते हुए बताया कि संक्रमण से बचाव हेतु शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा वैक्सीनेशन सत्र एवं महाअभियान के माध्यम नागरिकों को वैक्सीन की दौनों डोज की खुराक पूर्ण करानें के निरंतर प्रयास किये जा रहे है। आपनें नागरिकों से संक्रमण से बचाव हेतु निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करनें तथा वैक्सीन की दौनों डोज पूर्ण कराकर महामारी का सुरक्षा चक्र को संपूर्ण करनें हेतु अपील की है।

### 100 जॉबकार्ड धारियों का किया गया सेकेण्ड डोज का वेक्सीनेशन





1 दिसम्बर को सम्पूर्ण प्रदेश के साथ ही कटनी जिले में भी कोविड-19 वेक्सीनेशन का महाअभियान आयोजित किया गया। जिसके तहत जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये वेक्सीन का सुरक्षा कवच दिया गया। इसी क्रम में रीठी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम हरद्वारा में टीम ने कार्यस्थल पर पहुंचकर तालाब निर्माण कार्य में लगे मजदूरों का टीकाकरण किया। सीईओ जनपद ज्ञानेन्द्र मिश्रा ने बताया कि बुधवार को ग्राम पंचायत अंतर्गत खेरवा में चल रहे तालाब निर्माण कार्य में लगभग 100 जॉबकार्ड धारियों को कोविड-19 वेक्सीन का सेकेण्ड डोज लगाया गया है। इस दौरान सीईओ जनपद सहित मनरेगा अधिकारी डॉ. अजीत सिंह एवं ग्राम पंचायत की टीम भी मौजूद रही।

# 44 साल से काबिज़ फिर भी नहीं हो रहा भूमि का नामांतरण

## पिता के नाम 1983 में जारी हुआ था पट्टा

कटनी। कटनी जिले के ग्राम हिरवारा में घास मद की लगभग पांच एकड़ भूमि पर अनुसूचित जाति का एक परिवार पिछले 44 साल से काबिज़ है। परिवार के मुखिया मुलुआ चमार के नाम उक्त भूमि का पट्टा कलेक्टर जबलपुर द्वारा 1983-84 में जारी किया गया था। मुलुआ की म्रत्यु हो जाने के बाद उसका पुत्र प्रहलाद उक्त पट्टे की भूमि का नामान्तरण अपने नाम पर कराना चाहता है। पटवारी से लेकर तहसीलदार तक के कई चक्कर लगा चुका है पर पिता के नाम की पट्टे की भूमि उसके नाम नहीं हो पा रही। प्रहलाद ने कलेक्टर से गुहार लगाई है कि वे उक्त भूमि से सम्बंधित सभी दस्तावेजों की जांच करा कर पट्टा उसके नाम कराने की कृपा करें। प्रहलाद द्वारा कलेक्टर को दिए गए आवेदन में बताया गया है कि ग्राम हिरवारा की शासकीय भूमि जिसका पुराना खसरा नम्बर 446/1 रकबा 2.486 हेक्टेयर नया खसरा नम्बर 1176 है उस पर उसका पिता मुलुआ चमार 1978 से न केवल काबिज़ था बल्कि झोंपड़ी बनाकर रहता भी था। उसके पास और कोई भूमि नहीं थी इसीलिए कलेक्टर जबलपुर द्वारा 1983-84 में उसे उक्त भूमि का पट्टा भी जारी किया गया था। उक्त भूमि के घास मद में आवंटन के बाद 11 मई 1993, 16 फरवरी 2000 और 14 अक्टूबर 2020 में तीन बार चालान भी जमा कर चुका है। पट्टे में पिता के साथ-साथ उसका भी नाम दर्ज है। सन 2000 की संशोधन पंजी से इसकी तसदीक की जा सकती है। पिता मुलुआ चमार की मौत के बाद वह उक्त भूमि का पट्टा अपने नाम पर कराना चाहता है, इसके लिए उसने आवेदन भी दिया है। सभी जरूरी दस्तावेज भी दिखाए हैं फिर भी तहसीलदार और पटवारी पट्टे की उक्त भूमि का नामान्तरण नहीं कर रहे। इधर दूसरी ओर एक अन्य व्यक्ति द्वारा उक्त भूमि पर अपना अधिकार जमकर उसे उक्त भूमि से बेदखल करना चाहता है। प्रहलाद ने बताया की प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कई बार भूमिहीनों को पट्टा देने निर्देश जारी कर चुके हैं मगर कलेक्टर द्वारा जारी आदेशो का अब तक पालन नही हो सका। प्रहलाद ने एक बार फिर कलेक्टर से फरियाद की है।




# औद्योगिक भ्रमण में चित्रांश आईटीआई पहुंचे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राएं

**विजयराघवगढ़।** शासन के निर्देशन में विद्यालय की छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा के ब्यवसायिक शिक्षा एवं शाला समिति के सदस्यों सहित आईटीआई प्रभारी मोनिका मिश्रा लैब प्रभारी विवेक सिंह व कक्षा नवमी दशमी के छात्र छात्राएं विधानसभा मुख्यालय के शासकीय संस्थानों प्राचीन ऐतिहासिक दुर्ग का अवलोकन कर पूर्व कालिक जानकारी प्राप्त की। औद्योगिक प्रतिष्ठान चित्रांश आईटीआई पहुंचकर डायरेक्टर बिपिन गुप्ता के निर्देशन में जानकार प्रशिक्षकों द्वारा समस्त आईटीआई के ट्रेडों सहित कम्प्यूटर की इलेक्टरीशिटी, बेल्डिंग मशीन, लेथ मशीन, वाइंडिंग मशीन की जानकारी प्राप्त की।

# बच्चों और ग्रामीणों को दिलाई गई स्वच्छता की शपथ

## भारतीय खान ब्यूरो एवं एसीसी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ स्वच्छता पखवाड़ा





**कटनी।** भारतीय खान ब्यूरो एवं एसीसी लिमिटेड कैमोर सीमेंट वर्क्स के संयुक्त तत्वावधान में डायरेक्टर प्लांट के.आर रेड्डी के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे 15 दिवसीय स्वच्छता पखवाड़ा का समापन 30 नवंबर को माइनिंग अधिकारियों एवं एसीसी ट्रस्ट टीम के द्वारा शासकीय हाई स्कूल खरखरी-अमुआरी में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे हैड ऑफिस मुंबई से आए हैड माइनिंग पीके नंदा के साथ सीनियर जीएम मेंटेनेंस सुब्रमण्यम शर्मा एवं हैड माइनिंग कैमोर मनोज शंकर सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के तहत् 16 नवंबर से 30 नवंबर तक माइन्स परिसर में स्वच्छता का कार्य संपन्न हुआ, साथ ही एसीसी ट्रस्ट टीम के द्वारा परियोजना क्षेत्र के स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं अपने खान के आसपास के ग्राम पंचायतों में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन कर प्रतिदिन नई गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता के प्रति बच्चों, महिलाओं, किसानों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया व समाज के प्रति अपनी जवाबदारी हेतु शपथ दिलाई गई।




स्वच्छता पखवाड़ा के समापन कार्यक्रम में सर्वप्रथम जागरूकता रैली निकाली गई जिसमे स्वच्छता स्लोगन के माध्यम से ग्रामवासियों को स्वास्थ्य का संदेश दिया गया, इसके उपरांत सभी बच्चों एवं प्रतिभागियों के द्वारा श्रमदान कर स्कूल परिसर व सामने के मैदान की साफ सफाई की गई। इसके साथ ही कार्यक्रम में आयोजित रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवम तृतीय स्थान प्राप्त किए हुए बच्चों को अतिथियों के हाथों पुरुस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित माइंस हैड मनोज शंकर सिंह ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने, अपने घर व अपने आसपास स्वच्छता रखने एवं इस गतिविधि को एक दिन को गतिविधि नही अपितु निरंतर ज़ारी रख कर स्वच्छता के प्रति समर्पित रहने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में सभी को स्वच्छता शपथ के साथ हाथ धुलाई के 6 चरण भी सिखाए गए साथ ही स्वच्छता गीत वा नुक्कड़ नाटक जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। इस 15 दिवसीय समुदाय-आधारित स्वच्छता गतिविधियों मे शासकीय हाईस्कूल नन्हवाराकला, अमेहटा ब्रिज शिक्षा केंद्र, शासकीय हाई स्कूल खलवारा, सरस्वती शिशु मंदिर, हाई स्कूल खलवारा, एसीसी हायर सेकेंड्री स्कूल कैमोर, आँगनबाड़ी केंद्र-खलवारा, बरापार, मेहगांव, खरखरी, रजरवारा नं.2, आठ गावों के महिला समूहों और कृषकों के साथ-साथ खरखरी-अमुआरी हाई स्कूल के बच्चे और शिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन पर मनोज सिहं के नेतृत्व में शाला परिसर में पौधारोपण किया गया। सभी ने सिग्नेचर कैम्पेन के माध्यम से स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पी.के. नंदा ने कहाँ की हमें इस स्वच्छता अभियान को और आगे ले कर जाना होगा। सिर्फ 15 दिन या एक पखवाड़ा नही अपितु 365 दिन स्वच्छता के कार्य करना होगा तब जाकर हमारे प्रधान मंत्री जी का संपूर्ण स्वच्छता का अभियान पूरा हो पायेगा। हेड माइनिंग कैमोर मनोज सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी सीएसआर टीम को धन्यवाद देते हुए बोला कि कार्यक्रम का सब से अच्छा पहलू बच्चे और युवा है जिनमें बलिकाओं की संख्या सर्वाधिक है! अवश्य ही मातृशक्ति की ऐसी सहभागिता उज्जवल भविष्य की अनुभूति कराता है। हम सबको स्वच्छता के प्रति दृढ संकल्पित होना होगा तभी 130 करोड़ की आबादी वाला देश स्वच्छ हो पायेगा! कार्यक्रम में मुंबई से पधारे एसीसी लिमिटेड के सीनियर जीएम सुब्रमण्यम शर्मा, बमनगवां एवं मेहगांव माइन्स से मुकेश प्रसाद, संजीव शर्मा, मनोज वासूले, रजनीकांत साहनी के साथ स्कूल प्राचार्य मनोज पांडे व शिक्षकगण, माइनिंग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे! कार्यक्रम को सफल बनाने मे एसीसी ट्रस्ट की टीम से ऐनट एफ. बिश्वास, मनीष शर्मा, पंकज द्विवेदी, पीयूष लाल, मोहसीना बी, अमित सोनी, परम साहू, अयोध्या तिवारी, अनूप, रीना, प्रिया, वंदना, शालू, अरुणा और साधना के साथ साथ सीएसआर दिशा सेंटर के प्रशिक्षार्थी व खेल प्रशिक्षणार्थियों की विशेष भूमिका रही।

यदि आप तक
समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा
है तो संपर्क करें
फोन :- 230033

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340



## कार्यालिय नगर पालिक निगम मुड़वारा कटनी (म.प्र.)

क्र./6534/मुख्य स्टोर्स/2021-22 — कटनी, दिनांक :29.11.2021

### निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा निम्नलिखित विद्युत सामग्री क्रय करने हेतु निर्माताओं, कंपनी द्वारा अधिकृत डीलरों/विक्रेताओं से ई-टेंडरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाइन निविदायें www.mptenders.gov.in पर Key date and time अनुसार आमंत्रित की जाती है। समस्त शर्तें व जानकारी मुख्य स्टोर्स के कार्यालयीन कार्य दिवस में अथवा सब पोर्टल www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। मात्रा कम या अधिक हो सकती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | वाट/क्षमता | मात्रा | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपए में) | अमानत राशि (रुपए में) | अनुमानित व्यय राशि रुपए में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एल.ई.डी. ड्रायवर | 90 वाट | 300 नग | 2000.00 | 4500.00 | 4,50,000.00 |

1. निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि 30.11.2021 सायंकाल 5 :30 बजे से।
2. निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15.12.2021 सायंकाल 5 :30 बजे से।
3. निविदादाता द्वारा प्रस्तुत बिड खोलने की तिथि 17.12.2021 प्रात : 11 :00 बजे से।
4. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन सिफ ऑनलाइन किया जावेगा।

प्राधिकृत अधिकारी
नगर पालिक निगम, कटनी


mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।



Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फ़ोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com
NABH

# बाइक सवार जीजा साले को ट्रक ने रौंदा

### ढीमरखेड़ा के बांध मोड़ पर दर्दनाक हादसा




**कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार जीजा साले की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम पोड़ीकला निवासी 19 वर्षीय विपिन पिता गोपाल प्रसाद यादव व मझगवां थाना अंतर्गत लमतरा निवासी 20 वर्षीय रविंद्र पिता शिवप्रसाद यादव आपस में जीजा-साले हैं। दोनों मंगलवार शाम झिन्ना पिपरिया एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोनों मोटर सायकल में सवार होकर वापस पोंडीकला लौट रहे थे। इसी दौराल ढीमरखेड़ा से खमतरा की तरफ आ रहे ट्रक क्रमांक एम.पी.20एचबी-1630 ने बाइक सवार जीजा-साले को अपनी चपेट में लेकर बुरी तरह कुचल दिया। जिसके कारण दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम आरोपी ट्रक चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है।





# मार्बल खदान धसकी, मजदूर की मौत

## स्लीमनाबाद थाना के ग्राम अमोच स्थित बॉम्बे मार्बल की घटना, जांच में जुटी पुलिस

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम अमोच स्थित बॉम्बे मार्बल में एक श्रमिक की खदान धसंकने से मौत हो गई है। मृतक ग्राम अमोच का ही निवासी है जो मार्बल खदान पर कार्य करता था। मृतक की मौत कटनी मैं एमजीएम हॉस्पिटल में उपचार के दौरान हुई।

घटना की जानकारी स्लीमनाबाद पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस ने मौका स्थल का निरीक्षण कर अब जिला अस्पताल चौकी से जरूरी कार्यवाही आने का इंतजार कर रही है। स्लीमनाबाद टीआई संजय दुबे ने बताया कि घटना के संबंध में जानकारी मिली है कि मंगलवार को शाम के समय अमोच स्थित बॉम्बे मार्बल खदान पर श्रमिक अमोच निवासी 34 वर्षीय मुस्की लाल पिता बैशाखू राम के साथ यह घटना घटित हुई। जिसे उपचार के लिए मार्बल कम्पनी वालों के द्वारा कटनी ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल चौकी से मृतक की घटना के संबंध मे प्रतिवेदन मिलते ही आगामी कार्यवाही की प्रक्रिया की जाएगी। वहीं बुधवार को मृतक के शव का पीएम होने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। जहां उसका अमोच में अंतिम संस्कार किया गया। मृतक के तीन संतान हैं, जिनमे 2 बेटे व 1 बेटी है। वहीं परिजनों ने आरोप लगाया है कि खदान धसकने के कारण यह घटना घटी है। श्रमिकों को कार्य के लिए जरूरी आवश्यक उपकरण नहीं दिए जाते हैं, जिससे श्रमिक वर्ग बिना सुरक्षा उपकरणों के कार्य करते हैं। इस संबंध मे बॉम्बे मार्बल कम्पनी के मैनेजर विनोद गुप्ता का कहना है कि पैर फिसलने के कारण यह घटना घटित हुई है। श्रमिक के बच्चों की पढ़ाई, शादी का खर्चा कम्पनी के द्वारा उठाया जाएगा।




# बरही में निकली एड्स जागरूकता रैली

## शासकीय महाविद्यालय बरही के विद्यार्थियों ने दिया संदेश

**बरही।** शासकीय महाविद्यालय बरही में प्राचार्य डॉ.आर.के. वर्मा की अध्यक्षता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद्र सिंह, महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी सुश्री प्रियंका तोमर के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विश्व एड्स दिवस मनाया गया। रासेयो कार्यक्रम आधिकारी द्वारा विद्यार्थियो को बताया गया कि भारत और म.प्र. में एड्स रोगियों की संख्या वर्तमान में कितनी है, इसे कम करने के लिए हमें जागरुक प्रयास करने चाहिए, और हम इसके भागीदार न बनें यह संकल्प लेना चाहिए, साथ ही हम अपने आस-पडोस और समाज के लोगों को निरंतर जागरुक करते रहे हमारे ऐसे अथक प्रयास होने चाहिए। महाविद्यालय से बरही तक हम सबका है यह नारा एड्स मुक्त हो देश हमारा हम अपने स्वास्थ्य के प्रति रहे ईमानदार नही बनें एड्स के भागीदार आदि नारेबाजी के साथ एड्स जागरूकता रैली निकाली।

# युवक से 10 हजार का गांजा बरामद

### बरही पुलिस की कार्रवाई




**कटनी।** बरही पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांजा तस्कर को दबोचा है। बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम इटौरा का रामजियावन सेन अपने घर के पास अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर बैठा है। उपनिरीक्षक सीताराम बागरी, सहायक उपहनरीक्षक विनोद कुमार चौधरी, प्रधान आरक्षक अजय पाठक, आरक्षक आशीष मेहरा जांच के लिए पहुंचे। ग्राम इटौरा में संदेही रामजियावन सेन घर के सामने मिला जो पुलिस को देखकर घबरा गया। भागने को हुआ जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। संदेही रामजियावन की तलाशी लेने पर संदेही अपने शरीर में पहने हुए जैकेट के अंदर सफेद रंग की पन्नी में मादक पदार्थ गांजा रखे मिला। आरोपी के पास से 10 हजार रूपए कीमती 850 ग्राम गांजा जप्त किया गया।

### रीठी पुलिस ने भी की कार्रवाई

उधर रीठी पुलिस ने भी प्रतिबंधित गांजा रखने के आरोप में कुठला निवासी दो युवकों को गिरफ्तार किया है। रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी के अनुसार ग्राम बिरूहली स्थित गैस गोदाम के पास कुठला निवासी सूरज बर्मन व खेमचंद कोरी के पास से 600 ग्राम गांजा जप्त किया गया। कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक श्याम नारायण सिंह, प्रधान आरक्षक भोलेशंकर हल्दकार, भोलाराम गुप्ता, धर्मेन्द्र सिंह यादव की भूमिका रही।

# लोन दिलाने के नाम पर 4 लाख की ठगी

### स्लीमनाबाद पुलिस ने दर्ज किया मामला

**कटनी।** स्लीमनाबाद में लोन का झांसा देकर एक व्यक्ति से ठगी होने का मामला सामने आया है। जिसके बाद स्लीमनाबाद पुलिस के द्वारा ठगी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। टीआई संजय दुबे ने बताया कि मामला थाना स्लीमनाबाद के ग्राम पौड़ी का है। जहां 15 लाख का लोन देने का झांसा देकर आवेदक सतेंद्र पिता लक्ष्मी नारायण गुप्ता निवासी ग्राम पौड़ी थाना स्लीमनाबाद से अज्ञात व्यक्ति द्वारा 23 फरवरी 2021 से 16 अगस्त 2021 तक सिक्योरिटी राशि के नाम पर आरोपी द्वारा आवेदक से 3 लाख 90 रुपए ट्रांसफर करवा लिए गए लेकिन लोन नहीं मिला। तब पीड़ित व्यक्ति ने बुधवार को स्लीमनाबाद थाना में शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता देखते हुए अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 420 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया। आरोपी की पतासाजी की जा रही है।






# प्रिया चन्द्रावत बनीं कटनी की एसडीएम



### नवागत डिप्टी कलेक्टर महेश मंडलोई को विजयराघवगढ़ का प्रभार

**कटनी।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा डिप्टी कलेक्टर्स के मध्य किये गए कार्य विभाजन में कितनी एस डी एम का प्रभार प्रिया चन्द्रावत को दिया गया है वहीं नवागत डिप्टी कलेक्टर महेश मंडलोई को विजयराघवगढ़ का अनुविभागीय दंडाधिकारी पदस्थ किया गया है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा पिछले दिनों कटनी के एस डी एम रहे बलवीर रमन का तबादला डिंडोरी कर दिया गया था। श्री रमन के भारमुक्त होकर डिंडोरी चले जाने के बाद यहां एस डी एम का पद रिक्त था। कलेक्टर ने नया कार्य विभाजन करते हुए विजयराघवगढ़ में पदस्थ रहीं प्रिया चन्द्रावत को कटनी. रीठी का प्रभार सौंपा है। वही नवागत डिप्टी कलेक्टर महेश मंडलोई को विजयराघवगढ़ एवं बरही का प्रभार दिया गया है। डिप्टी कलेक्टर नदीमा शीरी ढीमरखेड़ा की एस डी एम पदस्थ हुई हैं।


JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.
JOHNSON MARBONITE PREFERRED OVER ITALIAN MARBLE 600X600 MM
Get Floored with Marbonite Bestsellers
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

इ्यूरेबल डिज़ाइनर फर्नीचर की फुल रेंज
अब है स्मार्ट फर्नीचर का जमाना
FURNITO THE FURNITURE HUB...
गौरी शंकर मंदिर के पास, खैबर लाइन, माधव नगर कटनी (म.प्र.)
- Call - 9770037027

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड
1 दिन – 150/-
3 दिन – 250/-
7 दिन – 500/-
15 दिन – 1200/-
30 दिन – 1800/-
साईज- 5x1
आवश्यकता, खरीदना-बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR | Reliance digital | TRENDS
PLANET FASHION | U-TURN | BOLSA
GALAXY GAME ZONE | CITY PRIDE Cinema | Food Junction The Food Court
HOTEL GRAND MERIDIAN | FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant | GRAVITY THE PUB
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com

Katni's No. 1
M. 94258 01294
मंजूश्री LIFESTYLE
कोट सूट।। शेरवानी।। इंडो वेस्टर्न।। ब्लेजर।। कुर्ता जैकेट
MUFTI BLACKBERRYS OCTAVE KILLER
पता- खिरहनी ओव्हरब्रिज के पास हीरागंज, कटनी (म.प्र.) 483501



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)